transmission equipment, stating the details t&ereof:

(d) how would Government fact issues like traffic allocation on the existing DOT network, revenue sharing and tariffs; and

(e) whether it is a fact that in the absence of clearcut terms and conditions the policy would lead to chaos?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM),- (a) to (e) A Committee has been constituted to examine all the various aspects connected with this.

मध्य प्रदेश में सार्वजनिक टेलीफोन

7452. श्री अजीत जोगी : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में 156 सी.सी.बी. सार्वजनिक टेलीफोन लगाये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और ये टेलीफोन किन-किन स्थानों पर लगाये गये हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश में अपर्याप्त एस.टी.डी. लाइनें

7453. श्री अब्दुल्ला खान आजमी: क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में ऐसे एस० टी० डी० रूटों का ब्यौरा क्या है जिनमें लाइनों की अपर्याप्त क्षमता है;

(ख) क्या यह सच है कि मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर अपर्याप्त एस० टी० डी० लाइनों की समस्या पेश आ रही है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उक्त रूटों पर लाइनों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गये हैं या किए जा रहे हैं?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) उत्तर प्रदेश में लाइनों की अपर्याप्त क्षमता वाले एस०टी०डी० रूटों का ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ख) जी हां।

(ग) मध्य एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई रूटों में ट्रंक आटोमेटिक एक्सचेंज की सीमित क्षमता एवं संचारण माध्यम की अनुपलब्धता के कारण एस०टी०डी० सर्किट अपर्याप्त है।

(घ) वर्ष 1994-95 के दौरान वर्तमान टी० ए० एक्स० की क्षमता में बढ़ोत्तरी करने तथा नये टी०ए० एक्स लगाने की योजना है। इस वर्ष के दौरान संचारण माध्यम को भी चालू करने की योजना है।

विवरण

उत्तर प्रदेश के ऐसे रूटों की सूची जिनमें एस०टी०डी० सर्किट अपर्याप्त है।

क्रम०सं.	रूटों के नाम	
1.	कानपुर	कन्नौज
2.	कानपुर	बांदा
3.	कानपुर	हमीरपुर
4.	कानपुर	औरई
5.	कानपुर	फतेहपुर
6.	आगरा	ललीतपुर
7.	आगरा	पौढ़ी
8.	आगरा	झांसी
9.	आगरा	मैनपुरी

i